
City of Ryde

# मैक्वारी पार्क

## सिडनी, ऑस्ट्रेलिया

## ऑस्ट्रेलिया का मूल इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट

**वैश्विक पैमाने पर नवाचार निवेश**



## उन्नत प्रौद्योगिकी विवरणिका

# मेयर का संदेश



2030 तक मैक्वारी पार्क ऑस्ट्रेलिया का एक विशालतम वाणिज्यिक परिसर बनने की राह पर है, और इसके साथ ही हम अबतक की अपनी सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी यात्रा पर चल पड़े हैं क्योंकि ‘सिटी ऑफ राइड’ नवाचार, शोध और विकास के एक वैश्विक केन्द्र के रूप में सँवरने लगा है।

‘सिटी ऑफ राइड’ पहले ही विविध एवं प्रतिभा-सम्पन्न कार्यबल, वैश्विक श्रेणी के तृतीयक एवं व्यावसायिक शिक्षा-प्रदाताओं और शोध केंद्रों तथा सांस्कृतिक एवं मनोरंजनात्मक परिदृश्यों से सम्पन्न स्थान रहा है। उच्च गुणात्मक डिज़िटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रबुद्ध नेतृत्व तथा व्यापार, शैक्षणिक समुदाय एवं सरकार के बीच सहयोग के सम्मिश्रण से हम भविष्य के लिए लगातार नवाचार (इनोवेशन) करने में समर्थ हुए हैं।

उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश अनेक रूपों में हमारे समुदाय को रूपांतरित करने की संभावना रखता है। हमारे वृहत्तर समुदाय के लिए यह नौकरी के नए अवसरों का सृजन करता है – खास तौर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की पृष्ठभूमि वालों के लिए। साथ ही यह नवाचार और रचनात्मकता को प्रेरित करता है और इस प्रकार उत्तम एवं मेधावी लोगों को हमारी सिटी की ओर आकर्षित करता है।

प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) में ज्यादा निवेश को आकर्षित करना मैक्वारी पार्क और वृहत्तर सिटी ऑफ राइड के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सिटी ऑफ राइड के मेयर के रूप में, इस निवेश को सुरक्षित करने तथा प्रतियोगात्मक एवं नवाचार में अग्रणी बने रहने के लिए मैं अपने समुदाय, सहयोगियों और स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

*काउंसिलर सरकिस येडेलियन OAM*
*सिटी ऑफ राइड मेयर*

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी का संदेश



मैक्वारी पार्क ऑस्ट्रेलिया का मूल इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट है। अपनी खास लोकेशन, विविधतापूर्ण अर्थ-व्यवस्था और आबादी, कुशल कार्यबल, कनेक्टिविटी और सुविधाओं के साथ यह व्यापार करने के लिए एक विशिष्ट स्थान और प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) से प्रेरित पायनीयर कंपनियों के लिए अपने कारोबार स्थापित करने के लिए एक उत्तम विकल्प है।

हमारे आगे के विकास और भविष्य की समृद्धि में सहायक होने की रुचि रखने वालों की मदद कैसे की जाए इसके बारे में हमारा मार्ग बिल्कुल स्पष्ट है।

हम अपनी सिटी में व्यवसाय करने सम्बंधी खर्चों और जोखिमों को कम करने के लिए संकल्पित हैं और अपनी 'बिज़नेस कॉन्सीयर्ज़ सर्विस' के माध्यम से हम आपकी संस्था को मैक्वारी पार्क में सफल होने के लिए एकल सम्पर्क बिंदु के रूप में अपनी सेवा प्रदान करेंगे। हमारी सिटी में व्यवसाय की स्थापना और उसके विकास के लिए हमारे कर्मचारी आपको आवश्यक व्यावहारिक सहायता उपलब्ध कराएंगे।

ज्यादा निश्चितता और जागरूकता का सृजन करते हुए हम नियमों सम्बंधी बोझ को कम करने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए हम सरकार एवं उद्योग में अपने साझेदारों के साथ मेहनत कर रहे हैं ताकि सरकार के तीनों स्तरों पर इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा सहयोगात्मक दृष्टिकोण हमारे सभी उपक्रमियों के लिए एक लाभदायक स्थिति का सृजन करेगा और इससे हमारी सिटी और हमारे साझेदारों दोनों को लाभ मिलेगा।

हम साथ मिलकर एक ज्यादा जीवंत और समृद्ध सिटी का निर्माण कर सकते हैं।



***वेन रायलैंड्स***
***सिटी ऑफ राइड मुख्य कार्यपालन अधिकारी***



# मैक्वारी पार्क ही क्यों?

## महत्वपूर्ण लोकेशन

मैक्वारी पार्क सिडनी के सेंट्रल बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के बिल्कुल करीब में स्थित है और ट्रेन, बस तथा सिडनी मेट्रो नॉर्थवेस्ट जैसे सार्वजनिक परिवहन माध्यमों से वहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। साथ ही यह M2 और लेन कव टनेल जैसे प्रमुख मार्गों के भी निकट है जिसके कारण अंतर्राष्ट्रीय मार्गों सहित सिटी के अन्य हिस्सों तक आसानी से जाया जा सकता है।

मैक्वारी पार्क से कार द्वारा निम्न लोकेशनों तक पहुंचने के लिए यात्रा में लगने वाला औसत समय:

सिडनी सीबीडी – 25 मिनट
सिडनी एयरपोर्ट – 35 मिनट
वेस्टर्न सिडनी एयरपोर्ट – 45 मिनट

## व्यापार एवं नवाचार

वैश्विक प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) कंपनियों सहित, मैक्वारी पार्क व्यापक किस्म के व्यवसायों का केंद्र है। इसके कारण एक गतिशील व्यावसायिक एवं इनोवेशन परितंत्र का निर्माण हुआ है जिससे संस्थापित एवं स्टार्ट-अप दोनों ही प्रकार की कंपनियां इस क्षेत्र की ओर आकर्षित हुई हैं।

## अत्यंत कुशल कार्यबल

ऑस्ट्रेलिया के टॉप 10 विश्वविद्यालयों में से एक – मैक्वारी युनिवर्सिटी – मैक्वारी पार्क में स्थित है। मैक्वारी युनिवर्सिटी सिंथेटिक बायोलॉजी के क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर है और उसने शैक्षणिक एवं औद्योगिक साझेदारियों के माध्यम से मैक्वारी पार्क को शोध एवं विकास का एक प्रमुख केंद्र बना दिया है।

अनेक व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान एवं विश्व के अन्य अग्रणी विश्वविद्यालय भी थोड़ी ही दूर पर स्थित हैं, जिसके कारण मैक्वारी युनिवर्सिटी मैक्वारी पार्क में स्थित व्यवसायों के लिए प्रतिभा के एक भंडार के रूप में काम करती है।



### सुविधाएं एवं जीवनशैली

विभिन्न पार्कों, मनोरंजन सुविधाओं, रीटेल एवं खान-पान केंद्रों के माध्यम से मैक्वारी पार्क उच्च कोटि की जीवनशैली प्रस्तुत करता है। सिडनी के विशालतम शॉपिंग केंद्रों में से एक – मैक्वारी सेंटर – भी यहीं स्थित है, और साथ ही यह क्षेत्र अपार्टमेंटों और मकानों से सुसज्जित होने के कारण व्यापक आवासीय सुविधाओं से भी सम्पन्न है।

### स्थायित्व

मैक्वारी पार्क स्थायित्व पर बहुत ध्यान देता है। इस क्षेत्र के कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। निर्माण एवं अंतिम संरचना के माध्यम से व्यापारिक विकास स्थायित्व एवं ऊर्जा-सक्षमता के लिए नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करते रहते हैं।

### अंतर्क्षेत्रीय कनेक्टिविटी

मैक्वारी पार्क NSW के हंटर एवं सेंट्रल कोस्ट क्षेत्रों के दायरे में पड़ने वाला निकटतम वाणिज्यिक परिसर है। अपनी दस लाख से भी अधिक आबादी के साथ, ये क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया की नवीकरणीय ऊर्जा ट्रांजिशन के मध्य में स्थित हैं। मैक्वारी पार्क पोर्ट ऑफ न्यूकैसल से केवल दो घंटे की दूरी पर स्थित है – जहां ऑस्ट्रेलिया के प्रथम हाइड्रोजन केंद्रों में से एक के संस्थापन की योजना पर काम चल रहा है।

**कुल मिलाकर, मैक्वारी पार्क अनेक प्रकार के लाभ प्रस्तुत करता है जिनमें शामिल हैं उसकी महत्वपूर्ण लोकेशन, गतिशील व्यावसायिक एवं इनोवेशन परितंत्र, अत्यंत कुशल कार्यबल, उच्च कोटि की जीवनशैली और प्रतिभा का भंडार। इन कारकों ने मिलकर मैक्वारी पार्क को व्यापारों, निवासियों एवं आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए एक जीवंत एवं वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक स्थान के रूप में स्थापित होने में सहायता दी है।**

# हम मैक्वारी पार्क में आपके निवेश में कैसे सहायता देंगे:

## सिटी ऑफ राइड इकोनॉमिक डेवलपमेंट कॉन्सियर्ज



**...अगली शताब्दी से भी आगे सिटी की दीर्घकालिक समृद्धि में सहायता देने के लिए सिटी की संस्कृति, प्रतिभा, उद्योग, लोकेशन और उसकी निर्मित एवं प्राकृतिक सम्पदाओं का लाभ उठाना**

**2023 में सिटी ऑफ राइड द्वारा इस क्षेत्र में आर्थिक विकास की दिशा में और अधिक कार्यनीतिक एवं समसामयिक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपक्रमी देखेंगे कि सिटी ऑफ राइड इस सिटी में विकास एवं निवेश को प्रभावित करने वाले ज्यादा बड़े एवं जटिल मुद्दों के प्रति और अधिक उत्तरदायी बनकर उभरेगी।**

हमारा कार्यनीतिक फ़ोकस सिटी, खास तौर पर मैक्वारी पार्क, में नए निवेशों को आकर्षित करना होगा, और साथ ही हम मौजूदा बिज़नेसों के आर्थिक विकास को भी सहारा देंगे। सिटी के लिए आर्थिक परिणामों को सहज बनाने के लिए हम समाधान-केंद्रित, दूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाएंगे। निवेश और विकास में मदद करने के लिए, हम विविध प्रकार के सरकारी, व्यावसायिक, औद्योगिक एवं सामुदायिक साझेदारों के साथ निम्न लक्ष्यों के लिए काम करेंगे:

- सिटी ऑफ राइड में व्यवसाय करने के जोखिमों को कम करना
- सिटी ऑफ राइड में व्यवसाय करने के खर्चों को कम करना, और
- सिटी ऑफ राइड में आर्थिक कार्यकलाप और विकास के लिए अवसरों का निर्माण करना।

अगली शताब्दी से भी आगे सिटी की दीर्घकालिक समृद्धि को सहारा देने के लिए, हम सिटी की संस्कृति, प्रतिभा, उद्योग, लोकेशन और इसकी निर्मित एवं प्राकृतिक सम्पदाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए यह कार्य राष्ट्रीय रूप से महत्वपूर्ण स्तर पर करेंगे।

अपने आर्थिक विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए, सिटी ऑफ राइड अपने आर्थिक विकास कार्यक्रमों के लिए एक 'कॉन्सियर्ज़' मॉडेल को क्रियान्वित करेगी। 'इन्वेस्टमेंट एनएसडब्ल्यू' और 'ऑस्ट्रेड' जैसी सरकारी एजेंसियों के कार्य के पूरक के रूप में, सिटी ऑफ राइड इस सिटी में बिज़नेस करने के दौरान किसी भी उपक्रमी का प्रथम सम्पर्क बिंदु बनने का प्रयास करेगी। महत्वपूर्ण रूप से, सिटी ऑफ राइड की 'कॉन्सियर्ज़' पद्धति यह सुनिश्चित करेगी कि बिज़नेसों और निवेशकों की जरूरतों को सुनने-समझने के लिए टीम द्वारा संकेन्द्रित प्रयास किया जाए। हम इस फीडबैक को पारदर्शी रूप से पूरी काउंसिल में तथा सरकार के अन्य स्तरों पर साझा करेंगे, और जहां भी संभव एवं व्यावहारिक होगा वहां हम मुद्दों के समाधान एवं निराकरण के लिए काम करेंगे।

## साइट की पहचान और विकास

मैक्वारी पार्क और इसके आस-पास के क्षेत्र में व्यवसायों के संचालन या अनुरूपित सुविधा प्रदान करने के लिए पुनर्विकास हेतु विभिन्न प्रकार के स्थल उपलब्ध हैं। इन स्थलों को समझने के अलावा हमारे पास मैक्वारी पार्क के दायरे में कार्य करने वाले निर्माताओं, भवन-शिल्पियों और सहयोगियों का एक व्यापक नेटवर्क है जो इस संभावना की तलाश करने के लिए उत्सुक रहते हैं कि वे सिटी में आने वाले व्यवसायों को कैसे सहायता दे सकते हैं। सरकार द्वारा स्वीकृति की विभिन्न प्रक्रियाओं की खोज में काउंसिल भी इन सहयोगियों को सहायता दे सकती है।


## नेटवर्किंग एवं परिचय विज़िट्स

सिटी ऑफ राइड की समर्पित टीम निवेशकों और बिज़नेसों को सरकारी अफसरशाही की प्रक्रिया से गुजरने में मदद देगी, क्रॉस-इंडस्ट्री नेटवर्किंग को सहज बनाते हुए और जहाँ भी उचित होगा वहाँ अन्य प्रकार का सहयोग उपलब्ध कराते हुए, अनुदानों और लाभों के बारे में रास्ता दिखाएगी।

'कॉन्सियर्ज़' मॉडेल अंतर्राष्ट्रीय संलग्नताओं और सरकारी सम्बंधों तक विस्तारित है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि-मंडलों, व्यापार मिशनों, व्यापार समितियों और सरकारी एजेंसियों के साथ कार्य करते हुए, सिटी ऑफ राइड द्वारा अनुकूलित टूर्स (भ्रमणों) की भी व्यवस्था की जाएगी जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सिटी में आने वाले आगंतुकों को खुशनुमा अनुभव प्राप्त हो सके और वे इस बात से अवगत हो सकें कि आर्थिक निवेश एवं व्यापार के अवसरों के संदर्भ में सिटी उनके लिए क्या उपलब्ध करा सकती है। हम मैक्वारी पार्क के टूर्स, मैक्वारी युनिवर्सिटी के साथ संलग्नता को सुगम बना सकते हैं, और आपको मैक्वारी पार्क के दायरे में क्रियाशील समान विचार वाले अन्य बिज़नेसों के साथ संलग्न होने में मदद कर सकते हैं।

# संस्थापित, अत्यंत नवकल्पनाशील प्रौद्योगिकी प्रणाली के साथ

**न्यू साउथ वेल्स ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था है।**



## ऑस्ट्रेलिया

दुनिया की
**13वीं**
सबसे बड़ी
अर्थ-व्यवस्था

**25.9 मिलियन**
की आबादी

**16**
मुक्त व्यापार अनुबंध
(FTAS)

## न्यू साउथ वेल्स

राष्ट्रीय उत्पाद में
**31%**
साझेदारी

**2,000**
सक्रिय स्टार्ट-अप्स

**314,000**
टेक्नोलॉजी वर्कफोर्स
(अन्य किसी भी राज्य से ज्यादा)

The NSW economy is larger than Singapore, Malaysia or Hong Hong

## सिडनी

दक्षिणी गोलार्ध का
**#1**
सर्वोच्च रैंकिंग वाला
स्टार्ट-अप अर्थतंत्र

डिज़िटल एक्सपर्ट्स के
लिए दुनिया का
**9वां**
सबसे आकर्षक शहर

## मैक्वारी पार्क

एनएसडब्ल्यू का
**2रा**
सबसे बड़ा कॉमर्शियल डिस्ट्रिक्ट, 2030 तक पूरे ऑस्ट्रेलिया में चौथा सबसे बड़ा होने की ओर अग्रसर

दुनिया की टॉप 100 कंपनियों में से
**10%**
(ऑस्ट्रेलियन हेडक्वार्टर्स) यहीं स्थित हैं। ऑस्ट्रेलिया का मूल इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट, मैक्वारी युनिवर्सिटी भी यहीं है।

# मैक्वारी पार्क, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया, में स्थापित होने का सुनहरा मौका




**दुनिया की टॉप 100 कंपनियों में से 10 प्रतिशत मैक्वारी पार्क में हैं**

**सिटी ऑफ राइड के स्थानीय शासन क्षेत्र में स्थित, मैक्वारी पार्क सिडनी का एक प्रमुख इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट है – और यह शिक्षा एवं रोजगार की मिली-जुली आधारशिला पर बना हुआ और 7 वर्ग किलोमीटर के उच्च-गुणवत्तापूर्ण निर्मित एवं प्राकृतिक वातावरण में फैला हुआ है।**

**वर्तमान में मैक्वारी पार्क ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा गैर-सीबीडी ऑफिस मार्केट है और 2030 तक ऑस्ट्रेलिया का चौथा सबसे बड़ा वाणिज्यिक परिसर बनने की ओर अग्रसर है। पूरे ऑस्ट्रेलिया के अन्य वाणिज्यिक परिसरों की तुलना में, मैक्वारी पार्क निम्नलिखित प्रमुख आर्थिक प्रकार्यों के क्षेत्र में स्पष्ट लाभ प्रदान करता है:**

- **शिक्षा** – मैक्वारी युनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष शोध संस्थाओं में से एक और एम.बी.ए. प्रोग्राम प्रस्तुत करने में ऑस्ट्रेलिया की उच्चतम रैंकिंग वाले संस्थानों में से एक है।
- **शोध एवं विकास** – मैक्वारी पार्क के दायरे में कार्य-संचालन करने वाले अनेक व्यवसाय एवं संस्थान शोधकार्य में निवेश करते हैं, जिसके अंतर्गत मैक्वारी युनिवर्सिटी की सहभागिता वाले शोधकार्य भी शामिल हैं। अन्य शोधकर्ताओं में शामिल हैं एबॉट ऑस्ट्रेलेशिया और एसी नेल्सेन रीसर्च।
- **ज्ञान-सघन क्षेत्र** – फार्मास्युटिकल, मीडिया, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), और दूरसंचार वाले प्रमुख क्षेत्र।
- **स्वास्थ्य सेवाएं** – मैक्वारी युनिवर्सिटी हॉस्पिटल (ऑस्ट्रेलिया का पहला और एकमात्र पूर्ण रूप से समेकित शैक्षणिक स्वास्थ्य विज्ञान केंद्र)

मैक्वारी पार्क परिसर में ही स्थित है। इन प्रमुख आर्थिक प्रकार्यों और स्थानीय कामगारों से शक्ति संचित करते हुए, मैक्वारी पार्क में अच्छी-खासी संख्या में व्यावसायिक समूह स्थित हैं, जिनमें शामिल हैं:

- **चिकित्सा एवं फार्मास्युटिकल (ऐस्ट्राज़ेनेका, बायोजेन, कॉचलियर** (Cochlear), जॉनसन ऐंड जॉनसन, ऐबॉट, सनोफी)
- **मीडिया, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), और दूरसंचार** (डेल, स्नीडर इलेक्ट्रिक [Schneider Electric], मेरिडियन आईटी ऑस्ट्रेलिया, ऑप्टस, एरिक्सन, फॉक्सटेल, ऑस्ट्रेलियन रेडियो नेटवर्क, मैक्वारी पार्क डेटा सेंटर)।
- **डिज़िटल** (कैनन, फुजित्सु, कोनिका मिनोल्टा, स्नीडर इलेक्ट्रिक, फिलिप्स, पैनासोनिक, इत्यादि)
- **परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स** (ट्रांसपोर्ट फॉर एनएसडब्ल्यू, ह्युंडई, वॉल्वो, किया, CHEP, इत्यादि)
- **उन्नत विनिर्माण एवं टेक्नोलॉजी** (3M, BAE सिस्टम्स, Boc लिमिटेड, Memjet, इकोलैब ऑस्ट्रेलिया, प्रॉक्टर ऐंड गैम्बल ऑस्ट्रेलिया, इत्यादि)
- **अन्य** (हैसब्रो, आरबॉन कॉस्मेटिक्स, ऐरिस्टोक्रैट, रेथियॉन ऑस्ट्रेलिया, रेलयॉन ऑस्ट्रेलिया, इत्यादि)

सिडनी के औसत आंकड़े की तुलना में, मैक्वारी पार्क में प्रोफेशनल, वैज्ञानिक, और टेक्निकल सेवाओं और साथ ही शिक्षण और प्रशिक्षण में रोजगार का संकेंद्रण ज्यादा है।

ऑस्ट्रेलिया में बौद्धिक सम्पदा के रजिस्ट्रेशन के लिए मैक्वारी पार्क नम्बर एक पोस्टकोड है। इसके अलावा, व्यापक किस्म के उद्योगों में क्रियाशील नए स्टार्ट-अप बिज़नेसों की स्थापना को सहारा देते हुए, मैक्वारी युनिवर्सिटी दो इंक्युबेटरों का संचालन करती है।

# एनएसडब्ल्यू में टेक्नोलॉजी के परिदृश्य का विकास



**ग्रेटर सिडनी में रहने वाले करीब 43 प्रतिशत लोगों और सिटी ऑफ राइड में रहने वाले लगभग 56 प्रतिशत लोगों के पास कोई न कोई डिप्लोमा, ऐडवांस्ड डिप्लोमा, बैचलर्स या इससे उच्च डिग्री है।**

## राइड के पास है प्रतिभा!

**एनएसडब्ल्यू में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रतिभा का अपार भंडार है, और यह बढ़ता जा रहा है! ऑस्ट्रेलिया की एक-तिहाई आबादी वाला क्षेत्र होने के कारण, एनएसडब्ल्यू सबसे ज्यादा संख्या में STEM ग्रैजुएट्स और टेक्नोलॉजी वर्कर्स को पोषित करता है।**

2021 की जनगणना के अनुसार:


- ग्रेटर सिडनी में काम करने वाले 433,000 (15.4 प्रतिशत) से भी अधिक लोगों को प्रोफेशनल, वैज्ञानिक, एवं टेक्निकल सेवाओं तथा सूचना मीडिया और दूरसंचार उद्योगों में नियोजित हैं।
- सिटी ऑफ राइड में काम करने वाले 27,000 (25.4 प्रतिशत) से भी अधिक लोगों को प्रोफ़ेशनल, वैज्ञानिक, एवं टेक्निकल सेवाओं तथा सूचना मीडिया और दूरसंचार उद्योगों में नियोजित किया गया।

ग्रेटर सिडनी में रहने वाले करीब 43 प्रतिशत लोगों और सिटी ऑफ राइड स्थानीय शासन क्षेत्र में रहने वाले लगभग 56 प्रतिशत लोगों के पास कोई न कोई डिप्लोमा, ऐडवांस्ड डिप्लोमा, बैचलर्स या इससे उच्च डिग्री है।

सिडनी खास तौर पर डिज़िटल वर्कर्स को आकर्षित करता है और कार्य के लिए कहीं और जाकर बसने की इच्छा रखने वाले डिज़िटल विशेषज्ञों के एक वैश्विक अध्ययन में वह नवें रैंक पर आता है। कार्यस्थलीय विकल्पों की विविधता, उच्च गुणवत्ता वाले कार्य-स्थान, और जीवन की गुणवत्ता जैसे कारक सिडनी को इस सर्वे में सैन फ्रांसिस्को और टोरंटो से भी आगे रखते हैं।

हम सुशिक्षित एवं विविधतापूर्ण हैं। एनएसडब्ल्यू में 275 से भी अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, और इनमें से 78 विभिन्न भाषाएं सिटी ऑफ राइड में बोली जाती हैं। सिटी ऑफ राइड की जनसंख्या का करीब 50 प्रतिशत अपने घर पर गैर-अंग्रेज़ी भाषा बोलता है।

### घर पर बोली जाने वाली भाषाएं, 2021




*स्रोत: ऑस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स, जनसंख्या और आवासीय जनगणना, 2021 (सामान्य आवासीय डेटा)। profile .id में .id (informed decisions) द्वारा संकलित एवं प्रस्तुत*

## हम भविष्य के लिए शिक्षित कर रहे हैं

**पूरे एनएसडब्ल्यू में शिक्षा संस्थान कुशल टेक्नोलॉजी वर्कर्स का निरंतर भंडार सृजित कर रहे हैं। दुनिया के टॉप 200 में से छः विश्वविद्यालय एनएसडब्ल्यू में स्थित हैं, जिनमें से मैक्वारी पार्क स्थित मैक्वारी युनिवर्सिटी को ऑस्ट्रेलिया में 10वां रैंक और पूरे विश्व में 175वां रैंक हासिल है (टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023)। यह युनिवर्सिटी विविध विषयों में भिन्न-भिन्न प्रकार की 700 अंडरग्रैजुएट और पोस्ट-ग्रैजुएट योग्यताएं प्रदान करती है।**

## विश्व-स्तरीय शोध में निवेश

NSW के अत्यंत प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय व्यापक क्षेत्रों में विश्व-प्रसिद्ध शोधकार्य के केंद्र हैं। अपने शोधकार्य के लिए मैक्वारी युनिवर्सिटी को वैश्विक मान्यता प्राप्त है। उसके 100 प्रतिशत शोधों को विश्व-स्तरीय या उससे भी उच्च रेटिंग प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त, मैक्वारी युनिवर्सिटी के पांच शोधकर्ता विश्व के वैज्ञानिक लेखकों के शीर्ष एक प्रतिशत में शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी, 'कॉमनवेल्थ साइंटिफिक ऐंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन' (CSIRO), भी मैक्वारी युनिवर्सिटी तथा मैक्वारी पार्क के दायरे में सक्रिय अन्य व्यवसायों के साथ अपने मौजूदा सम्बंधों सहित पूरे NSW में अपनी मजबूत उपस्थिति रखती है।

ऑस्ट्रेलिया की अग्रणी व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था – TAFE NSW – के पास औद्योगिक योग्यता से सम्पन्न एवं अनुभवी शिक्षक हैं जो अपडेटेट एवं वास्तविक कौशलों को सीधे कक्षाओं में लेकर आते हैं।

TAFE NSW सीखने के लोचपूर्ण विकल्प प्रस्तुत करता है, जिनमें अंशकालिक एवं पूर्णकालिक शिक्षा, ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष शिक्षा शामिल हैं। सिटी ऑफ राइड में दो TAFE NSW कैम्पस हैं:

- TAFE NSW Ryde – अतिथ्य, पर्यटन, बागवानी और पर्यावरण प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रख्यात विशेषज्ञता प्रशिक्षण केंद्र।
- TAFE NSW Meadowbank, जो कि अभी हाल ही में एक टेक्नोलॉजी-केंद्रित कैम्पस के रूप में विकसित हुआ है और *Meadowbank Education and Employment Precinct* के निर्माण के लिए एक नए हाई स्कूल के साथ स्थित है।

अपने परिवर्तित स्वरूप में TAFE NSW Meadowbank की विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- अनूठे किस्म का औद्योगिक नवाचार और सहभागिता का अवसर प्रदान करने के लिए एक नया बहुधंधी एवं डिज़िटल टेक्नोलॉजी केंद्र, जो प्रशिक्षण की अदायगी को डिज़िटल रूप से ज्यादा इंटरऐक्टिव और उद्योग-केंद्रित स्वरूप में बदल रहा है।
- मिडोबैंक रेलवे स्टेशन के लिए बेहतर कैम्पस सुगमता
- ऐप्लाइड टेक्नोलॉजी-डिज़िटल संस्थान – एनएसडब्ल्यू की सरकार की ओर से एक नई तृतीयक शिक्षा की पेशकश जहां सीखने की एक नई क्रांतिकारी पद्धति उपलब्ध कराने के लिए यह संस्थान विश्वविद्यालयों और उद्योग के साथ साझेदारी करता है और इस प्रकार नवीनतम विचारों और रुझानों को जीवंत बनाता है। आधारभूत साझेदारों में शामिल हैं माइक्रोसॉफ़्ट, युनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी – सिडनी, TAFE NSW, और मैक्वारी युनिवर्सिटी।

## ऑस्ट्रेलिया का अपने किस्म का अनूठा $96 मिलियन का RNA रिसर्च एवं पायलट विनिर्माण संयंत्र मैक्वारी युनिवर्सिटी में बनाया जाएगा जिसका संचालन Myeloid Therapeutics द्वारा किया जाएगा।




अपने शोधकार्य के लिए मैक्वारी युनिवर्सिटी को वैश्विक मान्यता प्राप्त है। उसके 100 प्रतिशत शोधों को विश्व-स्तरीय या उससे भी उच्च रेटिंग प्राप्त हुई है।

## मौजूदा एवं विविध इंफ़्रास्ट्रक्चर

NSW की सरकार सक्रिय रूप से ऐसी बौद्धिक एवं भौतिक इंफ़्रास्ट्रक्चर में निवेश कर रही है जिससे एशिया प्रशांत में एक टेक्नोलॉजी हब के रूप में NSW की स्थिति मजबूत होगी।

मैक्वारी पार्क, जिसके पास पूरे ग्रेटर सिडनी और क्षेत्रीय NSW में श्रमिकों, व्यवसायों, और निवासियों को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए (मेट्रो रेल सहित) व्यापक सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क है, में 1 मिलियन वर्गमीटर से भी अधिक कॉमर्शियल स्पेस है और 2065 तक इस कॉमर्शियल स्पेस को 1 मिलियन वर्गमीटर तक बढ़ाने की क्षमता है।

सेंट्रल बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट (CBD) और गैर-CBD वैकेन्सी रेट्स के बारे में 'प्रोपर्टी कौंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया' द्वारा जुलाई 2022 में पूरे ऑस्ट्रेलिया में किए गए एक विश्लेषण से यह पता चला कि मैक्वारी पार्क के पास 10.42 प्रतिशत का पांचवां सबसे निम्नतम वैकेन्सी रेट है, यानी ऑस्ट्रेलिया के अन्य किसी भी राज्य के CBDs से बेहतर कार्य-प्रदर्शन।

मैक्वारी पार्क के इस कार्य-प्रदर्शन का सम्बंध कई मिले-जुले कारकों से जोड़ा जा सकता है जिनमें शामिल हैं मैक्वारी युनिवर्सिटी की सुलभता और नॉर्थवेस्ट मेट्रो रेल लाइन के जरिये सघन रूप से तथा तेजी से आवागमन। इसके अलावा, जैसाकि नीचे की टेबल में दर्शाया गया है, मैक्वारी पार्क के ए-ग्रेड एवं बी-ग्रेड भवन ग्रेटर सिडनी के अन्य CBD एवं गैर-CBD मार्केट्स की तुलना में ज्यादा किफ़ायती किराया पेश करते आ रहे हैं

### प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष शुद्ध किराया मूल्य

| सबर्ब (उपनगर) | प्रीमियम ग्रेड | ए-ग्रेड | बी-ग्रेड |
|---|---|---|---|
| सिडनी CBD^ | $1,005 - $1,525 | $870 - $1,325 | $675 - $1,035 |
| नॉर्थ सिडनी | $950 - $1,200 | $750 - $850 | $675 - $775 |
| पैरामाटा | $620 - $650 | $500 - $600 | $425 - $500 |
| सेंट लियोनार्ड्स | N/A* | $660 - $750 | $500 - $600 |
| चैट्सवूड | N/A* | $625 - $725 | $500 - $550 |
| **मैक्वारी पार्क** | **N/A*** | **$450 - $480** | **$360 - $400** |
| नॉर्थ राइड | N/A* | $360 - $420 | $300 - $360 |
| लेन कव वेस्ट | N/A* | N/A** | $290 - $320 |

*2022)*

** इस मार्केट में कोई प्रीमियम स्टॉक नहीं*
*** इस मार्केट में कोई ए-ग्रेड स्टॉक नहीं*
*^ सितंबर 2022 के अनुसार*




**मैक्वारी पार्क में 1 मिलियन $m^2$ से भी अधिक कॉमर्शियल स्पेस है और 2065 तक इस कॉमर्शियल स्पेस को 3.6 मिलियन $m^2$ तक बढ़ाने की क्षमता है।**

## फिनटेक

सिडनी ऑस्ट्रेलिया की आर्थिक राजधानी है, जहां इसके वित्तीय सेवा उद्योग स्थित हैं, और यह प्रतिदिन खुलने वाला पहला बड़ा वित्तीय मार्केट है।

सिडनी की वित्तीय क्षमताओं का निर्माण देश के $2.3 ट्रिलियन सेवानिवृत्ति (पेंशन) फंड सेविंग्स पूल के इर्द-गिर्द किया गया है। ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत 80 प्रतिशत विदेशी बैंक, देश के सबसे बड़े कोष-प्रबंधकों में से आठ, और देश के ज्यादातर वित्तीय सेवा विनियामक यहीं स्थित हैं।

सिडनी में पनपने और विकसित होने वाली फायनेंशियल टेक्नोलॉजी (फिनटेक) फर्में – जैसे आफ्टरपे, ज़िपको, और ब्राइट – इस गतिशील फिनटेक परितंत्र से लाभ उठाती हैं। फिनटेक के लिए ऑस्ट्रेलिया के अनुकूल वातावरण में शामिल हैं ‘ऑस्ट्रेलियन सेक्युरिटीज’ और इनवेस्टमेंट्स कमीशन के ‘इनहैंस्ड रेगुलेटरी सैंडबॉक्स’ जो बिज़नेसों के लिए मार्केट की परख, और एशिया-प्रशांत बाजार विस्तार प्रोग्रामों में भाग लेने के अवसरों को आसान बनाते हैं।

मैक्वारी पार्क में फिनटेक कंपनियों की बहार है, जिनमें से कुछ मैक्वारी युनिवर्सिटी के इन्क्युबेटर प्रोग्राम के माध्यम से आई हैं।

### ऑस्ट्रेलिया

**दुनिया का 5वां सबसे बड़ा पेंशन बचत भंडार**

**$10 ट्रिलियन-डॉलर* का वित्तीय सेवा उद्योग**

**हमारे 14% फिनटेक्स ने $100 से ज्यादा कोष एकत्र किया है**

**ऑस्ट्रेलिया की 24% फिनटेक्स की संस्थापक महिलाएं हैं**

### न्यू साउथ वेल्स

**60% ऑस्ट्रेलियन फिनटेक स्टार्ट-अप्स यहीं स्थित हैं**

**#11 वैश्विक फिनटेक हब के रूप में सिडनी की रैंकिंग**



## साइबर सुरक्षा

NSW में स्थित करीब 40% साइबर सुरक्षा व्यवसाय वे विदेशी सेवा-प्रदाता हैं जो राज्य के 10,000 साइबर सुरक्षा कार्यबल को उपयोग में लाने के लिए प्रयत्नशील हैं।

स्कूली छात्रों को इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उच्च शिक्षा वाले छात्रों में कौशल का निर्माण करते हुए, और छात्रों को नियोजित करने वाले साइबर व्यवसायों को आर्थिक सहायता देते हुए, NSW अपनी प्रतिभा की आधार-रेखा के निर्माण में जुटा हुआ है।

2026 तक साइबर सुरक्षा क्षेत्र द्वारा $6 बिलियन को छू लेने के पूर्वानुमान के साथ, NSW सरकार ने इस क्षेत्र के विकास की गति को तेज करने के लिए एक 'साइबर हब' का निर्माण किया है। इसके प्रोग्रामों में शामिल हैं आवासीय पहल जो कि अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों के लिए खुली है और जिसे NSW में नए प्रतिभागियों को आकर्षित करने की दृष्टि से तैयार किया गया है।

NSW के 11 सार्वजनिक विश्वविद्यालयों ने साइबर शोध क्षमताओं के लिए स्वयं को समर्पित किया है जिनमें मैक्वारी युनिवर्सिटी भी शामिल है। ये विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए कि NSW सदा विकसित होती साइबर चुनौतियों के समाधान के लिए अग्रणी मोर्चे पर तत्पर रह सके, प्रतिभाओं का पोषण और आवश्यक ज्ञान का सृजन कर रहे हैं।

मैक्वारी पार्क में साइबर सुरक्षा में संलग्न व्यवसायों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है जिनमें 'मेरिडियन ग्रुप इंटरनेशनल' – जो नौ अलग-अलग देशों में 50 वैश्विक कार्यालयों का संचालन करता है – और साथ ही Hubify Limited जैसे स्थानीय रूप से विकसित होते व्यवसाय भी शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया

**ग्लोबल साइबर सेफ्टी इंडेक्स में**

**8वां**

**स्थान, साइबर क्राइम से निम्नतम जोखिम की रैंकिंग**

**$7.6 बिलियन**

**2024 में साइबर सुरक्षा में किए जाने वाले व्यय का पूर्वानुमान**

**43%**

**वैश्विक साइबर सुरक्षा व्यवसाय निर्यात**

### न्यू साउथ वेल्स

**40%**

**ऑस्ट्रेलिया का साइबर वर्कफोर्स NSW में है**

**200+**

**साइबर सुरक्षा व्यवसाय यहीं स्थित हैं**

**$240 मि.**

**NSW सरकार की साइबर सुरक्षा लोच को मजबूत बनाने के लिए resilience**


USERNAME
*********
Remember me
Forgat password
LOGIN

## फ़िल्म और टेलीविज़न उत्पादन

फ़ीचर फिल्मों और टीवी नाट्यों के लिए NSW ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख स्क्रीन उत्पादक राज्य है।

प्रतिस्पर्धात्मक आर्थिक लाभों में शामिल हैं पोस्ट-प्रोडक्शन, डिजिटल एवं विजुअल एफेक्ट्स प्रोडक्शन (PDV) के लिए आकर्षक रियायतें। ऑस्ट्रेलियन एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्माताओं और निर्देशकों के लिए NSW के विभिन्न लोकेशन, अनुभवी कर्मी, विश्व-स्तरीय सुविधाएं और उत्कृष्ट जीवनशैली भी प्रमुख आकर्षण हैं।

फिल्म उद्योग में NSW के दीर्घ एवं सतत निवेश ने PDV और कंप्यूटर-जेनरेटेड इमेज़िंग (CGI) में सुदृढ़ डिज़िटल क्षमता को सक्षम बनाया है। सिडनी विश्व के अग्रणी डिज़िटल क्रिएटिव स्टूडियोज, जैसे 'एनिमल लॉजिक' और 'इंडस्ट्रियल लाइट ऐंड मैजिक' का गढ़ है जिन्हें NSW सरकार के सहयोग से खोला गया है।

साथ ही सिडनी दक्षिणी गोलार्ध की सबसे बड़ी एंड-टु-एंड निर्माण सुविधा का केंद्र भी है। इसे पूर्णता प्रदान करेगा NSW के मध्य-उत्तरी समुद्रतट पर स्थित 'पैसिफिक बे रिसॉर्ट स्टूडियोज ऐंड विलेज' जो कि ऑस्ट्रेलिया का सबसे पहला पूर्ण रूप से समेकित फीचर फिल्म निर्माण एवं पोस्ट-प्रोडक्शन कॉम्प्लेक्स होगा। उन्नत वर्चुअल स्टूडियोज और साउंड स्टेजेज को आवासीय एवं जीवनशैली सम्बंधी सुविधाओं से सम्मिश्रित करते हुए, यह कॉम्प्लेक्स बड़े ही महत्वपूर्ण रूप से सिडनी और बायरन बे के बीच अवस्थित है।

मैक्वारी युनिवर्सिटी के शैक्षणिक अवसरों के अतिरिक्त, छोटे-छोटे स्थानीय फिल्म निर्माताओं से लेकर वैश्विक उपस्थिति वाली कंपनियों तक, मैक्वारी पार्क के फिल्म उद्योग से भी कई जुड़ाव हैं। इस क्षेत्र में फॉक्सटेल और ऑस्ट्रेलियन रेडियो नेटवर्क जैसी कंपनियों के मुख्यालय के साथ, मैक्वारी पार्क में रचनात्मक कार्यों का स्वागत है।

मैक्वारी पार्क में कार्य संचालन करने वाली अन्य कंपनियों में शामिल हैं फुजीफिल्म, जिसके FUJINON सिने लेन्सों का प्रयोग, उनकी उन्नत दृश्य वर्णन क्षमता के कारण, दुनिया भर के मूवी एवं टेलिविजन प्रोडक्शन साइटों में किया गया है।

### ऑस्ट्रेलिया

**$226मि.**
गेम डेवलपमेंट स्टूडियोज की वार्षिक आय

**$30बिलि.**
क्रिएटिव इंडस्ट्रीज का वार्षिक आर्थिक अंशदान

**82%**
अपतटीय मार्केटों और निवेशों से सृजित गेम डेवलपमेंट आय का

### न्यू साउथ वेल्स

**70%**
ऑस्ट्रेलिया के कुल क्रिएटिव इंडस्ट्री निर्यात का

**42%**
क्रिएटिव इंडस्ट्री के यहां आधारित जॉब्स हैं

ऑस्ट्रेलिया के लगभग आधे पोस्ट-प्रोडक्शन उद्योग का गढ़



## क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

सम्पूर्ण क्वांटम स्टॉक में सक्षमता के साथ NSW का क्वांटम परितंत्र वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण है।

NSW में महत्वपूर्ण अभिरुचि और वेंचर कैपिटल निवेश को आकर्षित करने वाले स्थानीय स्टार्ट-अप्स में शामिल हैं Q-CTRL; सिलिकॉन क्वांटम कंप्यूटिंग, जो कि एक 10-क्युबिट प्रोटोटाइप क्वांटम इंटिग्रेटेड प्रोसेसर का निर्माण कर रहा है; नैनोमैटीरियल्स उत्पादक LuciGem; और हाई-रिजॉल्यूशन स्पेक्टोग्राफ उत्पादक रेडबैक सिस्टम्स।

ये कंपनियां सिडनी के विश्वविद्यालयों के नवाचार के परिणाम हैं, जहां क्वांटम रिसर्च और विकास वहां की मुख्य शक्ति हैं। क्वांटम टेक्नोलॉजी में अग्रणी स्तर की महारत हासिल करने वाले NSW के चार विश्वविद्यालयों ने मिलकर सिडनी क्वांटम एकेडमी की स्थापना की है: युनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, युनिवर्सिटी ऑफ एनएसडब्ल्यू, युनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी – सिडनी, और मैक्वारी युनिवर्सिटी, जिसमें मैक्वारी युनिवर्सिटी डेटा साइंस लैब तथा ऐप्लाइड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एवं प्रोसेस ऑटोमेशन का केंद्र है।

ऑस्ट्रेलियन बिज़नेस AI के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। 89% बड़े व्यवसाय इस टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हैं। यह एक मजबूत कार्यबल है जिसमें 470,000 लोग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग और डेवलपमेंट सहित टॉप 10 AI सम्बंधी व्यवसायों में कार्य करते हैं। NSW में ऑस्ट्रेलिया के कुल सॉफ्टवेयर और ऐप्लीकेशन प्रोग्रामर्स के 2/5 हिस्से से भी ज्यादा कार्य करते हैं। राज्य के पास AI बिज़नेसों का एक सुदृढ़ स्थानीय समूह है जो कि बर्लिन के स्तर के समरूप है तथा सिंगापूर और टोरंटो के लगभग समकक्ष।

ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी का डेटा एवं डिज़िटल विशेषज्ञ निकाय, CSIRO का Data61, के पास AI और डेटा विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी शोध एवं विकास विशेषज्ञता का संग्रह है। यह नए राष्ट्रीय AI केंद्र का भी प्रायोजक है जो कि ऑस्ट्रेलिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐक्शन प्लान का एक हिस्सा ह्रै। NSW में Data61 की 14 साइटें हैं जिनमें मैक्वारी पार्क भी शामिल है।

### 2040 में ऑस्ट्रेलिया की क्वांटम क्षमता

**16,000**
जॉब्स

**$4बिलि.**
वार्षिक आय

### न्यू साउथ वेल्स

**50%**
विश्व में अग्रणी क्वांटम साइंस क्षमता के साथ ऑस्ट्रेलियन विश्वविद्यालय यहां स्थित हैं



# संदर्भ

NSW योजना एवं पर्यावरण विभाग, इकोनॉमिक डेवलपमेंट स्टडी (मैक्वारी पार्क स्ट्रेटजिक मास्टरप्लान का परिशिष्ट B), लगभग जून 2022

ऑस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स, 2021 जनगणना

टाइस हायर एडुकेशन वर्ल्ड युनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023

TAFE NSW 2023, Meadowbank, 18 जनवरी 2023 को देखा गया, **www.tafensw.edu.au/locations/northern-sydney/meadowbank**

TAFE NSW 2023, Ryde, 18 जनवरी 2023 को देखा गया, **www.tafensw.edu.au/locations/northern-sydney/ryde**

BIS श्रैपनेल, स्ट्रैटेज़िक इम्प्लॉयमेंट रीव्यू: मैक्वारी पार्क, दिसंबर 2015


CI ऑस्ट्रेलिया, मैक्वारी पार्क मार्केट अपडेट, अक्टूबर 2022

CI ऑस्ट्रेलिया, नॉर्थ शोर ऑफिस मार्केट अपडेट, सितंबर 2022

CI ऑस्ट्रेलिया, सीबीडी ऑफिस मार्केट रिपोर्ट, सितंबर 2022

इन्वेस्टमेंट NSW, NSW अपॉर्च्युनिटीज – टेक्नोलॉजी, 1 जून 2022

# और अधिक जानकारी



**www.ryde.nsw.gov.au/invest**

अथवा सिटी ऑफ राइड इकोनॉमिक डेवलपमेंट कॉन्सियर्ज़ से सम्पर्क करें:



फोन **(+61) 2 9952 8222**



ईमेल **invest@ryde.nsw.gov.au**



ग्राहक सेवा केंद्र

1 Pope Street,
Ryde NSW 2112
(+61) 2 9952 8222
www.ryde.nsw.gov.au

City of Ryde

Lifestyle and opportunity
at your doorstep